एक नजर में

लोकगीतों के स्वरों में श्रीराम का मधुर रस, जन्म की पावन गाथा

नर्मदापुरम/28,मार्च श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर कला नुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केन्द्रित आविर्भाव समारोह का आयोजन 27 मार्च, 2026 को सायं 6-30 बजे से श्रीराम मंदिर, माछा में किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन, नर्मदापुरम् के सहयोग से किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अनुपम संगम ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में श्री राकेश सिंह एवं साथी, हरदा का निमाड़ी लोक गायन, भोपाल की सुश्री प्रीति तिवारी एवं साथी कलाकारों द्वारा कथक एवं भरतनाट्यम नृत्य शैली में श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका श्रीरामचरितम् की प्रस्तुति एवं धार की सुश्री श्वेता गुंजन जोशी द्वारा श्रीराम केन्द्रित भजन गायन की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अनुपम संगम ने दर्शकों का मन मोह लिया।

हाईटेंशन लाइन टूटने से खेत में लगी आग

खरसली में 11 केवी लाइन का तार टूटने से खेत में लगी आग, ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी, 28 मार्च ग्राम खरसली में शनिवार को एक बडा हादसा होते-होते टल गया। डीएलएफ फीडर की 11 केवी हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर गिरने से गेहूं के खेत में आग लग गई। ग्रामीणों ने समय रहते तत्परता दिखाई और आग पर काबू पा लिया, जिससे खडी फसलें खाक होने से बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कामती निवासी पीताम्बर चौकसे का खसरा क्रमांक 71/3 रकबा 0.94 हेक्टेयर का खेत ग्राम खरसली में मुख्य मार्ग पर स्थित है। इस खेत के पास से कृषि फीडर और 24 घंटे बिजली आपूर्ति वाला डीएलएफ फीडर गुजरता है। दोपहर के समय अचानक डीएलएफ फीडर की 11 केवी लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। तार गिरते ही जोरदार स्पार्किंग हुई और खेत की नरवाई ने आग पकड ली। आस-पास के खेतों में गेहूं की पकी हुई फसल खडी थी। आग की लपटें देख मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। सरपंच गजेन्द्र सिंह पटेल और उपसरपंच अर्जुन उइके के नेतृत्व में ग्रामीणों ने साहस का परिचय दिया। दमकल का इंतजार किए बिना, लोगों ने पेडों की हरी टहनियों और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाना शुरू किया। ग्रामीणों की इसी सक्रियता के कारण आग गेहूं की खडी फसल तक नहीं पहुँच पाई। हादसे की सूचना तुरंत सरपंच द्वारा थाना प्रभारी विजय सनस और नायब तहसीलदार रामसिपाही मरावी को दी गई। सूचना मिलते ही प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को मौके के लिए रवाना किया, हालांकि दमकल के पहुंचने से पहले ही ग्रामीण आग पर पूरी तरह काबू पा चुके थे। घटना के बाद पटवारी शिल्पा सरयाम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पंचनामा तैयार किया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार का जन-धन या फसल का नुकसान नहीं हुआ है।

लंबे समय से बंद कुएं का जीर्णोद्धार करने दिए निर्देश

नर्मदापुरम/28 मार्च. नर्मदा पुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी के नेतृत्व में साप्ताहिक स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार की प्रात: कमिश्नर कार्यालय परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। प्रात: 7-00 बजे से आयोजित स्वच्छता के इस कार्यक्रम में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपार उत्साह से परिसर की सफाई कर परिसर को स्वच्छ कर साफ सफाई को आदत में शामिल करने का संदेश दिया। इस दौरान कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने पूरे कमिश्नर परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्थाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लंबे समय से परिसर में स्थित बंद कुएं का जीणोदार करने के निर्देश दिए। बंद कुएं में अंदर तक छोटी-छोटी झाड़ियां उग गई है साथ ही पीपल का वृक्ष भी पनप गया है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की लोक निर्माण विभाग झाड़ियो को हटा कर कुएं का जीणोदार करना सुनिश्चित करें।

मंडी की आवक संतोषजनक

नवभारत न्यूज

इटारसी, 28 मार्च माह मार्च 2026 में करीब एक हसे की सरकारी छुट्टियों को निरस्त कर कृषि उपज मंडी में नीलामी और खरीदी कार्य किया गया बाबजूद इसके इस माह मंडी की आवक का ग्राफ नहीं बढ सका,खबर लिखें जाने तक इस माह मार्च में कुल साढे सोलह हजार किवंटल अनाज की आवक रही जबकि अनुमान पचास हजार किवंटल का था जिसका व्यापक असर इस बार की मंडी की आवक पर देखने को मिला जो संतोष जनक ही रही.

इसका बडा कारण इस वर्ष2025-26 में कृषको ने धान की किस्म बासमती की बजाय क्रांति किस्म का रकबा बढा दिया जो शासकीय उपार्जन में खरीदी केन्द्रो पर खरीदी की गईं. दूसरा बडा कारण करीब एक लाख किवंटल अनाज बाहर की मंडियो में स्थानीय व्यापारियों ने टैक्स पेड खरीदा इससे इटारसी मंडी की आवक कम हुई और जहाँ खरीदी हुई वहाँ की आवक में बढोतरी हुई. तीसरा बडा कारण मक्का उपज का रहा जो बनापुरा मंडी क्षेत्र में बिक गया जबकि बैतूल केसला सहित बनापुरा क्षेत्र का मक्का पूर्व में इटारसी मंडी में बिकता रहा है जो आवक में वृद्धि करता था द्य, हालांकि मंडी सचिव प्रशांत पांडे ने मंडी की आवक बढाने के लिये भरपूर प्रयास किये यहाँ तक की निगरानी दल भी लगातार चौकसी करता रहा फिर भी आवक सोलह सत्रह हजार क्विंटल तक ही पहुंची, एक अनुमान के मुताबिक इस बार क्रांति किस्म की धान का रकबा जो एक डेढ लाख किवंटल का और वासमती धान करीब सात लाख किवंटल का रहा करता था इस बार बिलकुल उलट हो गया और मंडी की आवक कम होगई, खैर इसबार समीक्षा बैठक में भी चर्चा होगी तो इस सवाल का जबाब जरूर खोजा जायेगा कि कृषको ने बासमती के बजाय क्रांति धान पर ज्यादा भरोसा क्यों जताया हालांकि क्रांति धान की खरीदी से उन क्षेत्रीय मंडियो की आवक में वृद्धि जरूर हुई.

माता महाकाली की भव्य शोभायात्रा, ज्वारे विसर्जित

नवभारत न्यूज

माखन नगर, 28 मार्च ज्वाला मैया सभागार परिषद में चैत्र नवरात्रि में माता महाकाली की प्रतिमा की स्थापना की गई वही आचार्य पंडित सुनील गुरुजी के सानिध्य में 251 खबर 101 तोरण एवं 11 खंड जोत का भव्य आयोजन किया गया शनिवार शाम को नगर के मुख्य मार्ग से माता महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकाली गई नगर में पहली बार ऐतिहासिक आयोजन किया गया जिसमें नगर वासी पूर्ण श्रद्धा आस्था के साथ शामिल हुए 1000 से ज्यादा धर्म प्रेमी महिलाएं पीले वेस्टन में सिर पर जवारे लेकर मैया के भजन गाती हुई शामिल हुई. आगे माता महाकाली की प्रतिमा डीजे बैंड बाजे पड़ीहार

और धार्मिक जनता साथ में चल रही थी खेड़ापति मंदिर जाकर प्रतीकात्मक जवारे तोरण विधि विधान से पूजन कर अर्पण कर माता महाकाली की प्रतिमा का नसीराबाद नर्मदा नदी में विसर्जन किया गया जगह-जगह नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर जवारे में शामिल धर्म प्रेमियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया कसेरा मोहल्ला में सेनानी परिवार के दीपक वर्मा ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं के लिए शैलपुत्री धाम तक मेटिंग बिछाई थी

ज्वारे और प्रतिमाओं का हुआ भव्य विसर्जन

सिवनी मालवा 28 मार्च 2026, सिवनी मालवा में चैत्र नवरात्रि की नवमी पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक चली देवी आराधना के बाद भक्तों ने विधि-विधान से ज्वारे और प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान पूरे नगर में माता रानी के जयकारों की गूंज सुनाई दी। चैत्र नवरात्रि की नवमी पर देवी भक्तों ने अपने-अपने घरों में विराजित घट, ज्वारे और कुल देवी की विधिवत पूजन-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया और व्रत खोले। कई स्थानों पर अष्टमी तो कहीं नवमी के दिन हवन-पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। महाअष्टमी के दिन ही हवन और कन्या पूजन हुआ.

भीलटदेव मंदिर के वार्षिक मेले को लेकर लिये अहम फैसले

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 28 मार्च 2026, सिवनी मालवा के प्रसिद्ध देवस्थान भीलट देव मंदिर में लगने वाले वार्षिक मेले को लेकर मंदिर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा कर कई अहम निर्णय लिए गए।

महंत गोविंद दास महाराज की उपस्थिति में भीलट देव मंदिर परिसर में आयोजित इस विशेष बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं समिति सदस्य शामिल हुए। बैठक में आगामी भव्य मेले को सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। महंत गोविंद दास महाराज ने जानकारी देते हुए

चौदस तिथि के पावन अवसर पर बाबा के नीर लेने की परंपरा के तहत मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी, जो मेले का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

बताया कि मेले के दौरान आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। चौदस तिथि के पावन अवसर पर बाबा के नीर लेने की परंपरा के तहत मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी, जो मेले का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही मेले के दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक आयोजनों की भी योजना बनाई गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। समिति ने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि मंदिर परिसर में स्वच्छता बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में पेयजल की समुचित व्यवस्था, श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए बेहतर सुविधाएं, तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर ठोस योजनाएं तैयार की गईं। संभावित अव्यवस्थाओं को रोकने के लिए समिति द्वारा जिम्मेदारियों का वितरण भी किया गया। भीलट देव मंदिर समिति ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में मेले में शामिल होकर बाबा के दर्शन करने और धर्म लाभ लेने की अपील की है।इस बैठक के बाद यह साफ हो गया है कि इस वर्ष भीलट देव का मेला भव्यता और सुव्यवस्था के साथ आयोजित किया जाएगा, जहां आस्था और सुविधाओं का सुंदर संगम देखने को मिलेगा।

रामनवमी पर विशाल शोभायात्रा निकली

पिपरिया रामनवमी के अवसर पर पचमढी रोड दुर्गा मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सर्वप्रथम अश्व पर सवार युवतियां ध्वज पताका लिये चल रही थी। बैंड बाजो की धुन के साथ धर्मपरायण जनता केशरियां ध्वज लेकर शोभायात्रा में चल रहे थे, भगवान राम की पालकी व झांकियां भी शोभायात्रा में शामिल थी। पचमढी रोड से शुरू हुई शोभायात्रा का नाके के पास दुकानदारो ने सिंधी समाज व रघुवंशी समाज ने,चिंताहरण हनुमान मंदिर के पास सेवाभावी भक्तों ने, वरिष्ठ नागरिक मंच ने, रेल्वे ब्रिज पर राजसिलावट समाज ने, पुराना बसस्टेंड पर कांग्रेस द्वारा स्वागत किया गया.

एक अप्रैल से लागू होने वाली बढ़ी हुई बिजली की दरों का किया विरोध

नवभारत न्यूज

इटारसी, 28 मार्च जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने मध्य प्रदेश में 1 अप्रैल से बिजली की बड़ी हुई दरे लागू किए जाने पर इसका घोर विरोध किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा वर्तमान में आमजन गैस की बढ़ती हुई कीमत पेट्रोल डीजल की बढ़ती हुई कीमत से परेशान है। वही पर मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार 1 अप्रैल से 4.80 प्रतिशत बिजली की बड़ी हुई दरें लागू करने जा रही है जिसका जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा आम जन और परेशान होंगे। एलपीजी गैस सिलेंडर पेट्रोल डीजल कि अचानक बड़ी हुई कीमत से मध्यम वर्ग के परिवार वैसे ही परेशान है।

दूसरी दूसरी ओर मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की यह सरकार अचानक बिजली के दरों को बढ़ाकर आम जनों की कमर तोड़ देने का काम करेगी। मोहन यादव जी की सरकार को जनहित में बड़ी हुई दरें के बिल को तत्काल वापस लेना चाहिए अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़कों पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

शहरी क्षेत्र में गाइड लाईन 25 प्रतिशत तक बढ़ी

पिपरिया मार्च के अंतिम सप्ताह में रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यो के लिये भीड़ कम देखी जा रही है। रामनवमी शुक्रवार को लगभग 20 दस्तावेज रजिस्ट्रर्ड हुए। एक अप्रेल से गाइड लाईन बढने के कारण अब अंतिम दिनो में रजिस्ट्रार कार्यालय में भीड़ बढने की संभावना जताई जा रही है। उपपंजीयक हितेन्द्र ठाकुर से मिली जानकारी अनुसार शहर में 21 वार्डो के 26 क्षेत्रो में 6 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक गाइड लाईन बढ़ी है। नपा क्षेत्र में सर्वाधिक गाइड लाईन सरदारवार्ड पर 28 प्रतिशत, इंदिरा गांधी वार्ड बनवारी रोड पर बढी हुई हैं.

पिनेकल एकेडमी ने लहराया परचम

नवभारत न्यूज

इटारसी, 28 मार्च पिनेकल एकेडमी ने लहराया सफलता का परचम, जिले की प्रावीण्य सूची में कक्षा 8 वीं की छात्रा आस्था रही प्रथम,हरदा ब्लॉक स्तर पर 5 वीं बोर्ड में प्रतीक्षा ने किया टॉप. पिनेकल एकेडमी के विद्यार्थियों ने कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं बोर्ड की परीक्षाओं में जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है,वहीं संस्था ने शत प्रतिशत रिजल्ट के साथ इतिहास दोहराया है।पिनेकल एकेडमी के डायरेक्टर अब्दुल सईद खान ने बताया कि कक्षा 8 वीं की छात्रा आस्था ओनकर ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।कक्षा 5 वीं में हरदा ब्लॉक स्तर पर प्रतीक्षा यादव ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।उन्होंने बताया कि संस्था स्तर पर कक्षा 8 वीं में द्वितीय स्थान कनक भाटी 91.3 प्रतिशत,तृतीय स्थान अदिति तिवारी 91 प्रतिशत एवं 5 वीं बोर्ड में संस्था स्तर पर द्वितीय स्थान परी सूर्यवंशी 91 प्रतिशत,तृतीय स्थान मानवी चावड़ा 90.25 प्रतिशत का रहा है।संस्था के प्रबंधन सहित स्टॉफ ने सभी विद्यार्थियों को श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पर बधाई देकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जिले में स्थापित होंगे 142 गेहूं उपार्जन केन्द्र

नर्मदापुरम/28,मार्च,2026/ रबी विपणन 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा गेहूं उपार्जन केन्द्रों एवं उपार्जन संस्थाओं के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय उपार्जन समिति से अनुमोदित प्रस्ताव अनुसार समिति स्तर व मंडी उप मंडी स्तर, जेव्हीएस एवं शासकीय गोदामों के स्तर पर 142 गेहूं उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जाने के आदेश जारी किए गए है।

वार्ड क्रं .-4 में पहुंचा युवा कांग्रेस का वार्ड - वार्ड चलो अभियान

अभियान के जरिये आमजन को आ रही समस्याओं के शिकायती पत्र भरवाए गए तथा संबंधित समस्याओं की अधिकारियों से चर्चा कर जल्द निराकरण की बात की गई।

नवभारत न्यूज

इटारसी, 28 मार्च युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में निकाला जा रहा वार्ड वार्ड चलो अभियान अपने अगले पड़ाव वार्ड क्रमांक 4 में भी सक्रियता से जारी रहा। अभियान के जरिये आमजन को आ रही समस्याओं के शिकायती पत्र भरवाए गए एवं कुछ समस्या जैसे सफाई संबंधदित समस्याएं एवं पेयजल संबंधित समस्याओं का अधिकारियों से चर्चा कर जल्द निराकरण की बात की गई।उक्त अभियान को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है,एवं भारतीय जनता पार्टी की नगर पालिका के प्रति जनता में भारी रोष देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस,प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार(केलु) उपाध्याय, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, संदीप महतो,युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष युवराज चौधरी,जिला महासचिव विशाल बडकुर,अमर चिमानिया,बबलू वामने, पप्पी कलोसिया,साकेत सोनी, मुकेश यादव,उत्सव दुबे, प्रणीत मिश्रा,समीर परते,राहिल बड़कुर,अशीष मालवीय,आशीष परदेसी, विशाल राय, माधव राजपूत, लक्ष्य जायसवाल, आदित्य चौधरी, अक्षत जायसवाल आदि मौजूद रहे।

घुमंतु जातियों की समस्याओं के लिये होगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

इटारसी, 28 मार्च शहर में वर्षों से निवास कर रहे घुमंतू एवं वंचित जातियों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी (गज्जू) ने एक बार फिर आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। तिवारी हाल ही में इन समुदायों के बीच पहुंचे और उनकी स्थिति का जायजा लिया।

श्री तिवारी ने बताया कि लौह पीटा, बंजारा सहित अन्य घुमंतू जातियों के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। न तो उनके पास पक्के मकान हैं और न ही पीने का स्वच्छ पानी, शौचालय, बिजली और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन कागजों तक सीमित नजर आ रही हैं, क्योंकि इन जरूरतमंद परिवारों तक इनका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ये लोग इंसान नहीं हैं और क्या इन्हें सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार नहीं है। तिवारी ने प्रशासन से मांग की है कि इन परिवारों के लिए पीने के पानी की तत्काल व्यवस्था की जाए, आवास उपलब्ध कराया जाए, साथ ही शौचालय, साफ-सफाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। श्री तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही प्रशासन द्वारा उचित कदम नहीं उठाए गए, तो वे कांग्रेस परिवार, कांग्रेस सेवादल और यंग ब्रिगेड के द्वारा सभी के साथ मिलकर इन वंचित लोगों के अधिकारों के लिए बड़ा आंदोलन करेंगे।

रामनवमी पर दुर्गामंदिर पर हुआ पूजन अर्चन

पिपरिया - दुर्गामंदिर धार्मिक न्यास द्वारा मंगलवारा चौराहा दुर्गामंदिर पर रामनवमी पर पूजन अर्चन का कार्यक्रम किया गया। रामनवमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गामंदिर पर पूजन अर्चन का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय,अजय शर्मा,शंकर आशीर्वाल,संदीप साहू,गोपाल गुप्ता सहित धार्मिक न्यास के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

श्री सियाराम महावीर मंदिर में हुआ भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 28 मार्च 2026, सिवनी मालवा नगर के प्रसिद्ध प्राचीन श्री सियाराम महावीर मंदिर में जीर्णोद्धार के उपरांत भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। पांच दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में 23 मार्च से 27 मार्च तक विविध वैदिक अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका समापन रामनवमी के पावन अवसर पर श्री रामजानकी दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण एवं हनुमानजी की भव्य नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सियाराम महावीर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गांधी चौक, राधावल्लभ मंदिर, कल्लू चौक, देवी मंदिर, बड़े मंदिर और नर्मदा मंदिर होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों का भव्य स्वागत किया।

वृहद विधिक जागरुकता शिविर

निशुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तृत जानकारी दी

योजनाओं एवं देयकों में मिला छूट का लाभ

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 28 मार्च मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं तृप्ति शर्मा प्रधान जिला एवं सेंशन न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शनिवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर नर्मदापुरम (म0प्र0) में प्रात: 10.30 बजे से जिला न्यायालय परिसर में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ श्रीमति तृप्ति शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा लगायी गइ स्टॉल जिनमें श्रम विभाग, विद्युत विभाग,जिला पंचायत विभाग,जनपंद पंचायत,शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग,महिला बाल विकास विभाग एवं वन स्टॉप सेंटर आदि सहित उपस्थित रहे।विजय कुमार पाठक सचिव ने आमजनों से ये अपील की के उक्त शिविर में लगाई स्टॉलों द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं तथा देयकों में छूट का लाभ लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें।अभय सिंह जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों के बारे में जनता को जागरूक किया गया, सांथ ही कानूनी सहायता तथा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गइ।शिविर में उपस्थित आमजन से अपील की के समाज में प्रत्येक नारी का सम्मान आपकी जिम्मेदारी है। विद्युत विभाग द्वारा संचालित समाधान योजना अंतर्गत 500 लोग लाभान्वित हुए एवं पक्षकारगण द्वारा अपने प्रकरण के निराकरण हेतु योजना का लाभ लेते हुए 23,90,000/- की राशि जमा कर 4,66,000/- से अधिक की राशि की छूट प्राप्त की गयी। 28.03.2026 को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

उप जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ

पिपरिया भारत सरकार के 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त अभियान के तहत उप जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ । खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋचा कटकवार के मार्गदर्शन में पिपरिया उप जेल में भारत सरकार के 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त अभियान के तहत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गुरूवार को प्रातः 11 बजे से किया गया। इस शिविर में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें , टी.बी. स्क्रीनिंग, बलगम की जांच हेतु स्पूटम कलेक्शन, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गईएक्स-रे मशीन से बंदियों के एक्स रे किए गए एनसीडी स्क्रीनिंग बीपी शुगर की जांच की गई.

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स लैब का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

बनखेडी, 28 मार्च बनखेड़ी स्थित सेंट मेरी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के मानसिक विकास एवं तकनीकी क्षेत्र में प्रगति को ध्यान में रखते हुए नई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स लैब का शुभारंभ किया गया। यह पहल विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और उनके भविष्य को नई दिशा देने की एक महत्वपूर्ण कोशिश है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बनखेड़ी की तहसीलदार महोदय अंजू लोधी उपस्थित रही जिन्होंने फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को नई तकनीकों के उपयोग एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के फादर स्टेन जेर्री एंटो की यह अविश्वसनीय एवं सराहनीय पहल विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अत्याधुनिक लैब में टैबलेट, लैपटॉप, स्मार्ट उपकरण एवं रोबोटिक्स से जुड़े संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे बच्चे व्यावहारिक रूप से नई तकनीकों को सीख सकेंगे। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने इस पहल की प्रशंसा की और इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।